पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल को सशस्त्र सेना दिवस पर झण्डा लगाया

अंशदान से पूर्व सैनिकों के प्रति भावनात्मक संबंध स्थापित कर सकते हैं-राज्यपाल

लखनऊः 07 दिसम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक को आज राजभवन में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर निदेशक, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, ब्रिगेडियर अमूल्य मोहन तथा अन्य ने फ्लैग पिन किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर एक स्मारिका का विमोचन किया और निधि में कुछ दान भी दिया। ब्रिगेडियर अमूल्य मोहन ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर अंशदान देने की परम्परा है। इस धन का उपयोग भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के आर्थिक कष्ट निवारण एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये किया जाता है।

राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर अंशदान करते हुए कहा कि अंशदान से हम देश के सशस्त्र सेनाओं के समस्त सैनिकों एवं उनके परिवार के साथ भावनात्मक संबंध स्थापित कर सकते हैं तथा उनके प्रति कृतज्ञता और आत्मीयता भी प्रकट कर सकते हैं। उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से आहवान किया है कि वे पूर्व सैनिकों, विकलांग सैनिकों एवं शहीद सैनिकों के परिवार के कल्याण हेतु आर्थिक सहयोग देकर इस उत्कृष्ट परम्परा के सहभागी बनें।

ज्ञातव्य है कि प्रतिवर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना द्वारा झण्डा दिवस मनाया जाता है।

अंजुम/ललित/राजभवन (449/15)